राजस्थान सरकार
निदेशालय स्थानीय निकाय, राज0 जयपुर
जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर
Phone & Fax-0141- 2222403/2223239 web- www.lsgraj.org E-mail ID_ dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांकः एफ. 55( )अभि. / सीई / डीएलबी / सड़क रिपेयर / 2023 / 111475-735 दिनांकः 04/10/2023

आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम / परिषद् / पालिकायें,
समस्त राजस्थान।

विषय : दीपावली के त्यौहार से पूर्व शहर की सड़कों की मरम्मत, विशेष सफाई व्यवस्था, सार्वजनिक रोशनी व अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था दुरस्त करने बाबत्।

प्रसंग :–विभागीय पूर्व समंख्यक पत्रांक 98082–342 दिनांक 31.08.2023 के क्रम में।

....

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आगामी दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये राज्य के समस्त नगर निकाय क्षेत्रों में निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही / व्यवस्थायें अतिशीघ्र दुरस्त करवाना सुनिश्चि करावें :–

1. **सड़कों की मरम्मत / पेचवर्क / नवीनीकरण :**

मानसून की बरसात के दौरान शहर की सड़कों पर गड्डे होने से वाहन चालकों को आवागमन में असुविधा होती है। वर्तमान में मानसून का दौर समाप्त हो चुका है। शहरी क्षेत्रों में स्थित समस्त सड़कों को दीपावली के त्यौहार से पूर्व विशेष अभियान चलाकर उनकी मरम्मत / पेचवर्क करवाकर दुरस्त करने की कार्यवाही की जावे। जिससे आमजन को आवागमन में कोई कठिनाई उत्पन्न नहीं हो। क्षतिग्रस्त सड़के जो दोष निवारण अवधि (DLP) में है। उनका मौका निरीक्षण किया जाकर संबंधित संवेदक से दुरस्त करवाया जाना सुनिश्चित किया जावें।

2. **शहर की सफाई व्यवस्था** :

वर्तमान में नगरीय निकाय क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था संतोषप्रद नहीं है। शहरी क्षेत्र में घर–घर से ठोस अपशिष्ठ का संग्रहण व परिवहन दैनिक रूप से नहीं होता है। सड़कों पर कचरे के ढेर लगे हुये दिखाई देते है। अतः दीपावली के त्यौहार से पूर्व विशेष अभियान चलाकर सड़कों पर इकट्ठे कचरे को उठाया जावें एवं सड़कों व नालियों की विशेष सफाई करवाई जावे। साथ ही घरों से नियमित दैनिक रूप से ठोस अपशिष्ठ का संग्रहण व परिवहन करवाना सुनिश्चित किया जावे। दीपावली से पूर्व शहर की सड़कों की विशेष सफाई, सौन्दर्यकरण एवं रंगोली करवाई जावे।

3. **सार्वजनिक रोशनी एवं सौन्दर्यकरण कार्य** :

विद्युत डिस्कॉम कम्पनियों के अभियंताओं के साथ मिलकर सड़क किनारें बिजली के ढीले तारों को दुरूस्त करने एवं बिजली के खम्भों, सड़क किनारे डी.पी., केबल बॉक्स व स्वीच बॉक्स के आस–पास लूज तारों को हटाया जावें या उन्हें सही तरीके से व्यवस्थित किया जावे। स्वीच बॉकस के टूटे हुये ढ़क्कनों की तुरन्त मरम्मत करवाई जावे। साथ ही डिस्कॉम

कम्पनियों के अभियंताओं के साथ मिलकर ट्रांसफॉमर्स की सुरक्षात्मक दृष्टि से बेरिकेडिंग/जाली लगाया जाना सुनिश्चित किया जावे। दीपावली के अवसर पर शहर की सड़कों पर स्ट्रीट लाईटों को दुरस्त कर चालू किया जावे एवं शहर के विशेष स्थान सरकारी भवनों व चौराहों पर विशेष रंगीन रोशनी की जावे।

4. **<u>अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था</u>** :

दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी या बिजली के शॉट सर्किट से आग लगने की सम्भावना रहती है। अतः त्यौहार के अवसर पर नगर निकायों की अग्निशमन वाहन व्यवस्था एवं उपकरणों को दुरूस्त रखा जावे एवं अग्निशमन कर्मचारियों को संतर्क रखते हुये, विशेष रूप से पाबंद किया जावे।

अतः उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये, की गई कार्यवाही से संबंधित जिला कलेक्टर को अवगत कराते हुये, विभाग को E- mail : cedlbjp@gmail.com पर अवगत करावें।

क्रमांकः एफ 55 ( ) पीए/सीई/डीएलबी/सड़क रिपेयर/2023/111736-112066 दिनांक 04/10/2023
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार जयपुर।
2. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर।
3. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, ऊर्जा विभाग, राजस्थान जयपुर।
5. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राज. जयपुर।
6. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
7. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर।
8. महापौर/सभापति/अध्यक्ष, नगर निगम/परिषद्/पालिकायें, समस्त राजस्थान।
9. सम्भागीय आयुक्त, समस्त राजस्थान।
10. जिला कलेक्टर्स समस्त राजस्थान।
11. उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राजस्थान।
12. समस्त अधिकारीगण, निदेशालय।
13. संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क), निदेशालय।
14. प्रोग्रामर, आई.टी. सेल, निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु
15. सुरक्षित पत्रावली।

(ह्रदेश कुमार शर्मा)
निदेशक एवं विशिष्ठ सचिव

Document certified by Hridesh Kumar Sharma <hridesh_05@yahoo.com>.
Digitally Signed by Hridesh Kumar Sharma
Designation : Director
Date :03.10.2023